भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. ∗**272**
बुधवार, **21** मार्च, **2018/30** फाल्गुन, **1939** (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

असम में दीपोर बील को पारिस्थितिकीय पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना

*272. श्री भुवनेश्वर कालिताः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को इस बात की जानकारी है कि असम सरकार दीपोर बील को पारिस्थितिकीय पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास कर रही है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि असम में पर्यटन के विकास और संवर्धन की प्रचुर संभावनाएं मौजूद हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार असम सरकार को दीपोर बील को पारिस्थितिकी पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के उसके प्रयास में हर संभव सहायता प्रदान करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करेगी?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर है ।

****

असम में दीपोर बील को पारिस्थितिकीय पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना के संबंध में दिनांक 21.03.2018 के राज्य सभा के मौखिक प्रश्न संख्या *272 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण ।

(क) : असम राज्य सरकार ने दीपोर बील का इको पर्यटन हब के रूप में विकास करने हेतु पर्यटन मंत्रालय को कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया है ।

(ख) : जी हां । पर्यटन मंत्रालय असम में पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए प्रचुर संभावना से परिचित है । मंत्रालय ने अपनी योजनाओं - थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास स्वदेश दर्शन तथा तीर्थ स्थल जीर्णोद्धार तथा आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन-प्रशाद के अंतर्गत देश में चुने हुए स्थलों/परिपथों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय अभिकरणों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है । स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विकास हेतु पहचाने गए पन्द्रह परिपथों में से एक इको परिपथ है ।

वर्तमान वर्ष सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान असम के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे निम्नलिखित हैं :

(राशि करोड़ रु. में)

क्र.सं.	योजना/स्वीकृत वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1	स्वदेश दर्शन 2015-16	वन्य जीव परिपथ का विकास: मानस-प्रोबितोरा - नामेरी - काजीरंगा -डिब्रू -सेखोवा	95.67
2	स्वदेश दर्शन 2016-17	विरासत परिपथ का विकास: तेजपुर - माजुली-सिबसागर	98.35
3	प्रशाद 2015-16	गुवाहाटी में और इसके आस-पास कामाख्या मंदिर और तीर्थ गंतव्य का विकास	33.98

(ग) : असम राज्य सरकार से दीपोर बील का इको पर्यटन हब के रूप में विकास करने के लिए जब भी प्रस्ताव प्राप्त होगा, केंद्र सरकार इसकी जांच करेगी और उचित निर्णय लेगी ।

****